11.05.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

○ विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा–पाकिस्तान के साथ बनी सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है–भारतीय सशस्त्र बल इसका उचित जवाब दे रहे हैं।

○ केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ वीसी कर अलर्ट रहने को कहा।

○ प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद–सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी के निर्देश।

○ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस आज–1998 में आज ही के दिन पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण हुआ था।

000

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ कल बनी सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल संघर्ष विराम उल्लंघन का समुचित और उचित जवाब दे रहे हैं तथा भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से संघर्ष विराम उल्लंघन को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है। श्री मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुये हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्ल्ंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

...............

विदेश सचिव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए कल शाम भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सहमति बनी थी। श्री मिसरी ने कहा कि सैन्य संचालन महानिदेशक फिर से बातचीत करेंगे।

000

केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। बैठक में राज्यों को अलर्ट रहने और सीमा पार से किसी गोलीबारी से निपटने और अपने क्षेत्रों में नागरिक रक्षा तंत्र को सक्रिय करने को कहा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के बाद यह बैठक हुई।

000

पाकिस्तान द्वारा कल सहमति के उल्लंघन के बाद प्रदेशभर में सुरक्षा चाक चौबंद है। सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बाडमेर, हनुमानगढ और जैसलमेर में कल ब्लैक आउट रखा गया। बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान घरों और प्रतिष्ठानों में लाइटें बंद रखने और अनावश्यक आवाजाही नहीं करने को कहा गया।

................

उधर, हनुमानगढ जिला कलेक्टर कानाराम ने लोगों से ब्लैक आउट के दौरान प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है और किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की सलाह दी है।

................

इस बीच, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल राजभवन में सर्वधर्म सद्भाव बैठक की। उन्होंने कहा की राष्ट्र के लिए ये समय संवेदनशील है। राज्यपाल ने ऐसे समय में सभी धर्म के अनुयायियों से सद्भाव बनाए रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जैसलमेर, फलोदी, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में की जा रही कार्यवाही की चर्चा करते हुए कहा कि वहां सभी स्तरों पर सतर्कता और तालमेल रखा जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सद्भाव और मेलजोल में कमी नहीं आने दी जाए। श्री शर्मा ने कल ही मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश की कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की सतत निगरानी करने, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उचित निर्देश प्रदान किए गये।

000

पंजाब ने सैन्य जरूरतों के लिए राजस्थान को अतिरिक्त पानी देने का फैसला किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक बयान में कहा है कि राजस्थान की मांग पर देश की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए सीमा पर तैनात सेना के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ दिया गया है।

000

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में आज ही के दिन भारत ने जैसलमेर के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस दिन को ऐतिहासिक बताया है।

000

प्रदेश में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 5 लाख 98 हजार 407 लम्बित मामलों का राजीनामे से निस्तारण किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत के तहत 476 बैंचों का गठन कर ये मामले निपटाए गये। उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में 108 प्रकरणों तथा जयपुर पीठ ने 82 प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया। भारत–पाक तनाव के मद्देनजर जोधपुर, बालोतरा, बीकानेर, श्रीगंगानगर और जैसलमेर जिला न्याय क्षेत्रों में आगामी आदेश तक लोक अदालत स्थगित की गई है।

000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिम विक्षोभ के चलते विभिन्न स्थानों पर आंधी–बारिश का दौर जारी है। कल जयपुर सहित कोटा, डूंगरपुर, माउंट आबू, भरतपुर और भीलवाडा में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के बाद इन शहरों में पारे में गिरावट दर्ज की गई। वहीं कल तीन शहरों का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इनमें श्रीगंगानगर, बीकानेर और बाड़मेर शामिल है। 40 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ बाड़मेर सबसे गर्म रहा।

मौसम विभाग के अनुसार आज भी अधिकांश जिलों में आंधी–बारिश की संभावना है। हालांकि 13 मई से यह सिस्टम कमजोर पड़ जाएगा और गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ने आशंका है। इस बीच, मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम मॉनसून के इस बार समय से पहले पहुंचने की संभावना व्यक्त की है। मॉनसून के 27 मई को केरल तट से टकराने के आसार हैं।

000